राज्यपाल सचिवालय, बिहार

राजभवन, पटना–800022

अपीलीय प्राधिकार के समक्ष सूचना का अधिकार संबंधी अपील वाद
संख्या–77 (लो0सू0अ0)/2023–24
श्री मिथुन कुमार प्रसाद, ग्रा.–बरेजा के टोला, पो.–जैतपुर भरवोकया, था.–दाउदपुर, जिला–छपरा–841205

बनाम

लोक सूचना पदाधिकारी–सह–माननीय मुख्यमंत्री, बिहार, पटना

आदेश की क्रम संख्या एवं तिथि	आदेश फलक	
11.09.2023	श्री मिथुन कुमार प्रसाद, ग्रा.–बरेजा के टोला, पो.–जैतपुर भरवोकया, था. –दाउदपुर, जिला–छपरा–841205 के माध्यम से एक प्रथम अपील आवेदन दिनांक–03.09.2023 इस कार्यालय में दिनांक–11.09.2023 को प्राप्त हुआ है। उक्त अपील आवेदन के साथ शुल्क के रूप में 10/- रूपए का पोस्टल ऑर्डर संख्या–60F 297546 दिनांक–अस्पष्ट संलग्न है। इसे लेखा शाखा को हस्तगत करायें। अपीलार्थी श्री मिथुन कुमार प्रसाद ने अपने अपील आवेदन में यह सूचित किया है कि उनके द्वारा दिनांक–23.06.2023 को सूचना अधिकार अधिनियम–2005 के अन्तर्गत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन लोक सूचना पदाधिकारी–सह–माननीय मुख्यमंत्री महोदय को दिया था। लोक सूचना पदाधिकारी द्वारा सूचना उपलब्ध नहीं कराने के फलस्वरूप महामहिम राज्यपाल, बिहार के समक्ष प्रथम अपील दायर किया है। उक्त अपील आवेदन के साथ प्रपत्र 'क' दिनांक–23.06.2023 की प्रति संलग्न है। विदित हो कि सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत माननीय मुख्यमंत्री लोक सूचना पदाधिकारी के रूप में Designated नहीं है और न ही महामहिम राज्यपाल, बिहार उनके अपीलीय प्राधिकार के रूप में Designated है। अपीलार्थी ने गलत लोक सूचना पदाधिकारी एवं गलत अपीलीय प्राधिकार के समक्ष अपना आवेदन/अपील आवेदन समर्पित किया है। अतः प्राप्त अपील आवेदन को अस्वीकृत किया जाता है। सभी संबंधित को सूचित करें। 11/9/2023 **विशेष कार्य पदाधिकारी** **-सह-** **प्रथम अपीलीय प्राधिकार**	

ज्ञापांक- 1415/रा०स०(III) दिनांक- 12-09-2023

प्रतिलिपि:-लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, पटना/लोक सूचना पदाधिकारी, मुख्यमंत्री सचिवालय, बिहार/श्री मिथुन कुमार प्रसाद, ग्रा.-बरेजा के टोला, पो.-जैतपुर भरवोकया, था.-दाउदपुर, जिला-छपरा-841205 को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

आई.टी. प्रबंधक, एन.आई.सी., राजभवन, पटना को आदेश के प्रति अपलोड करने हेतु प्रेषित।

11/9/2023

विशेष कार्य पदाधिकारी